भारतीय गैर न्यायिक

एक सौ रुपये Rs. 100

रु. 100 ONE HUNDRED RUPEES

सत्यमेव जयते

भारत INDIA

INDIA NON JUDICIAL

राजस्थान RAJASTHAN 17-8-07 E 692891

दान पत्र

मै मदन उम्र 60 साल पुत्र नाथु कौम अहीर निवासी चिमनपुरा तहसील शाहपुरा जिला जयपुर राजस्थान का रहने वाला हूँ ।

ह. दानकर्ता – 1 लगातार— 2

जो कि वाके ग्राम चिमनपुरा तहसील शाहपुरा में स्थित आराजी खसरा नम्बर 1004/0.53, 1008/0.05, 1009/0.30, 1010/0.58 कुल किता 4 रकबा 1.46 हैक्टेयर की खातेदारी मेरे नाम है । इस भूमि में अन्य किसी का साझा हिस्सा नही है । यह भूमि एकमात्र मेरे स्वंय की स्वामित्व में ही है। यह भूमि अन्य किसी के रहन बय नही है । इस भूमि के सम्बन्ध में किसी कोर्ट, न्यायालय, थाना, तहसील, ग्राम पंचायत में कही पर किसी भी प्रकार का प्रकरण विचाराधीन नही है। इस भूमि पर किसी प्रकार झगडा टण्टा नही है। यह भूमि सभी प्रकार से पाक साफ शुद्व पवित्र है । इस भूमि को हर प्रकार से बेचान करने के सम्पूर्ण हक व अधिकार एक मात्र मुझें ही प्राप्त है । यह भूमि नीमकाथाना सडक मार्ग से 1.5 किलोमिटर से अधिक दुरी पर स्थित है। इसके आसपास कोई आबादी क्षेत्र नही है । 600 मीटर से अधिक दुरी पर आबादी भूमि स्थित है। इस भूमि के आसपास कोई सरकारी या गैर सरकारी कार्यालय, स्कुल, अस्पताल, देवस्थान, शिक्षण संस्थान इत्यादि नही है । अतः अब वाके ग्राम चिमनपुरा पटवारी हल्का नाथावाला तहसील शाहपुरा में स्थित आराजी खसरा नम्बर 1008 रकबा 0.05 हैक्टेयर (बारानी 3), 1009 रकबा 0.30 हैक्टेयर (बारानी 3), 1010 रकबा 0.58 हैक्टेयर (बारानी 2), कुल किता 3 रकबा 0.93 हैक्टेयर सम्पूर्ण एवं आराजी खसरा नम्बर 1004 रकबा 0.53 हैक्टेयर (बारानी 2) में से 0.15 हेक्टेयर इस प्रकार कुल रकबा 1.08 हैक्टेयर को दान बिना किसी प्रतिफल प्राप्ति के बाबा गंगादास विद्यापीठ समिति ग्राम चिमनपुरा तहसील शाहपुरा जिला जयपुर को जरिये अध्ंयक्ष रामसहाय जाट पुत्र श्री प्रभातीलाल जाट कौम जाट निवासी इन्द्रप्रस्थ कालोनी वार्ड नम्बर 16 नगरपालिका शाहपुरा तहसील शाहपुरा एवं सचिव सरदारमल यादव पुत्र मदनलाल कौम अहीर निवासी चिमनपुरा तहसील शाहपुरा जिला जयपुर राजस्थान के पक्ष में दान कर दिया है । अब उक्त रकबा 1.08 हैक्टेयर के किसी भी अंश से मेरा व मेरे वारिसानो का कोई सम्बन्ध वास्ता नही रहा है । समिति अपने नाम नामान्तकरण खुलवाये, निर्माण करवाये, अपनी सुविधानुसार

ह. दानकर्ता – 1 लगा– 3

उपयोग उपभोग में लेवे अपने नाम पटटा जारी करवाये, लोन उठाये मुझे व मेरे वारिसानो को किसी प्रकार की एतराजी आपप्ति उठाने का कोई हक व अधिकार नही होगा । इस समिति को मैने कब्जा तीन नम्बरो में पूरा पूरा रकबा ही दे दिया है और खसरा नम्बर 1004 में जो 0.15 हैक्टेयर दी है उसका कब्जा खसरा नम्बर 1009 के लगता हुआ 1008 के पश्चिम दिशा में लम्बवत संम्भला दिया है ।

यह दान पत्र मैने राजी खुशी होश हवाश बिना किसी बाहरी भीतरी दाब दबाव के दो गवाहो के समक्ष स्टाम्प 100/-रुपये दो पाईप पेपर कुल नग तीन पर लिख दिया है जो कि वक्त जरूरत काम आवे सनद् रहे आज दिनांक 28/11/2007 ईस्वी ।

ह. साक्षीगण :- ह. दानकर्ता

1

मंगलचन्द पुत्र गिरधारी लाल कौम अहीर नि. चिमनपुरा

2

रामचन्द्र पुत्र मदनलाल कौम अहीर नि. चिमनपुरा

ह. दानग्रहिता

अध्यक्ष सचिव

Drafted-by.